हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 04 अंक–114 : जौनपुर, मंगलवार 21 जून 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## हमने गरीबों को उनकी जमीन और माफिया को सजा दी – सीएम योगी आदित्यनाथ

रामपुर ब्यूरो : उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को रामपुर में एक रैली में पहुंचे। वहां उन्होंने जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि पहले भू–माफिया गरीबों की जमीन पर अतिक्रमण करते थे और अक्सर उन्हें प्रताड़ित करते थे। सत्ता में आने के बाद, हमारी सरकार ने गरीबों को जमीन वापस दे दी और ऐसे माफिया को उचित सजा देने के साथ उनके खिलाफ कार्रवाई की। मालूम हो कि लोकसभा उप चुनाव के प्रचार का मंगलवार को आखिरी दिन है। मुख्यमंत्री योगी रामपुर से लोकसभा सीट पर भाजपा के उम्मीदवार घनश्याम सिंह लोधी के समर्थन में प्रचार करने पहुंचे थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि रस्सी जल गई है लेकिन, ऐंठन नहीं गई। जिन लोगों ने सत्ता का दुरुपयोग कर गरीबों, वाल्मीकि समाज, व्यापारियों, किसानों की जमीनों पर कब्जा किया, रामपुर की विरासत को नष्ट करने का प्रयास किया, उनके खिलाफ कार्रवाई की गई लेकिन वो ऐसा आचरण कर रहे हैं जैसे उन पर अत्याचार किया गया हो। इन सब बातों से शायद मुख्यमंत्री का इशारा सपा नेता आजम खां की ओर ही रहा। साथ ही उन्होंने रामपुरी चाकू व जरी–जरदोजी के काम को वैश्विक मंच पर पहचान दिलाने की बात भी कही तो बिलासपुर की चीनी मिल के आधुनिकीकरण के लिए बजट मंजूर करने की भी जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने मंगलवार को बिलासपुर में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि रामपुर की भी अपनी धरोहर रही है। कुछ लोगों ने रामपुर की धरोहर को नष्ट करना अपना जन्मसिद्ध अधिकार समझ लिया था लेकिन, भाजपा सरकार ने कहा है कि धरोहर को नष्ट नहीं होने देंगे और खिलवाड़ नहीं करने देंगे। व्यक्ति कितना भी बडा क्यों न हो, कितने भी गुरूर में क्यों न हो अगर वो धरोहर को छेड़ने का प्रयास करेगा तो जनता सबक सिखाने का काम करेगी। कहा कि रामपुरी चाकू को आज वैश्विक पहचान मिल रही है लेकिन, ये चाकू अगर सज्जन के हाथ में है तो सुरक्षा के काम आता है और दुर्जन के हाथ में हो तो डकैती के काम आता है। अब रामपुर की जनता को तय करना है कि चाकू किसके हाथ में देना है। सीएम योगी ने कहा कि रामपुर के चाकू का प्रयोग गरीबों को उजाड़ने, सरकारी धन का दुरुपयोग करने के लिए किया गया लेकिन, जब रामपुर का चाकू डबल इंजन की सरकार के हाथ में आया तो गुंडे माफिया के खिलाफ कार्रवाई के साथ ही सरकारी धन का प्रयोग समान रूप से बिना भेदभाव के विकास के लिए किया गया। सीएम ने कहा कि फ्री राशन, फ्री वैक्सीन, फ्री बिजली कनेक्शन, फ्री आवास, फ्री उज्जवला योजना कनेक्शन हर किसी को बिना किसी भेदभाव के दिया गया और अब हर घर नल योजना पर काम किया जा रहा है। सीएम ने कहा कि फर्क साफ है पहले सपा की सरकार में मुख्यमंत्री आवास पर दंगाइयों को आमंत्रित कर सम्मानित किया जाता था और अब श्री गुरु ग्रंथ साहिब की सवारी सीधे मुख्यमंत्री आवास पहुंचती है। मेधावियों को सम्मानित किया जाता है। गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के साहिबजादों की याद में बाल दिवस मनाया जाता है। योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री के नेतृत्व में योग व कोरोना के बेहतर प्रबंधन के लिए वैश्विक पहचान की बात कही। सीएम योगी ने कहा कि विपक्ष गरीबों, जरूरतमंदों, युवाओं और किसानों का विकास व महिलाओं की सुरक्षा नहीं चाहता और अड़ंगा लगाता है। हमने बिना भेदभाव विकास कार्य कराए लेकिन, कहावत है कि रस्सी जल गई पर ऐंठन नहीं गई। कोरोना काल में हमने जेल के अंदर और बाहर सभी लोगों को मुफ्त उपचार करवाया। अगर फ्री में उपचार नहीं कराते तो बहुत सारे लोग...इसके लिए कम से कम धन्यवाद तो देते। कयास लगाए जा रहे हैं कि ये लाइन उन्होंने सपा नेता आजम खां पर निशाना साधते हुए कही। सीएम ने कहा कि जो भारत माता का सम्मान नहीं करते, जिनके मन में राष्ट्र के विकास की अच्छी सोच नहीं, गुरु परंपरा का सम्मान नहीं करते, भारत की विरासत को आगे बढ़ते देखना नहीं चाहते वो ही ऐसा अचारण कर रहे हैं। सीएम योगी ने कहा कि ऐसा दिखाने का प्रयास कर रहे हैं जैसे उनके साथ अन्याय हुआ हो। अन्याय तब नहीं हुआ जब वाल्मीकि समाज के लोगों को उजाड़ रहे थे, नवाबों द्वारा बनाई गई रामपुर की विरासत को उजाड़ने का प्रयास कर रहे थे, रजा लाइब्रेरी के अस्तित्व को नष्ट करने का प्रयास हो, अन्याय तब नहीं हुआ जब यहां के नागरिकों पर अत्याचार किया जा रहा था, व्यापरियों की जमीनों पर कब्जा, दंगइयों को सत्ता का संरक्षण दिया जा रहा था, वो अन्याय नहीं था उनकी नजर में। सरकार माफिया के खिलाफ कार्रवाई करती है तो अन्याय दिखता है। सीएम ने कहा कि सपा का आज भी ये हाल है कि देश में किसी सभ्य परिवार से जाकर पूछो तो बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक नाक–मुंह सिकोड़ लेते हैं और कहते हैं भगवान बचाए। जो आज घडियाली आंसू बहा रहे हैं ये ही लोग दुराचारी के लिए सहानुभूति दिखाते हुए कहते थे कि लड़कों से गलती हो जाती है। पहले प्रदेश में नौकरी निकलती थी तो एक खानदान वसूली पर निकल पड़ता था। अब ऐसा नहीं है पिछले पांच साल में लाखों नौकरी दी गईं और सरकार के 100 दिन होने तक दस हजार युवाओं को नौकरी का विज्ञापन नहीं नियुक्ति पत्र दे दिया जाएगा।

## लखनऊ विश्वविद्यालय में खगोल वैज्ञानिक डॉ अलका मिश्रा ने छात्रों को दिखाया खगोल विज्ञान का अद्भुत नजारा

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। कहते हैं कि अगर परछाई से पूछो कि क्यों रहती हो सदा साथ, तो परछाई बोली और भला कौन है तेरे पास । पर यह जानकर हैरानी होगी कि साल में दो दिन कुछ समय के लिए आपकी परछाई भी आपका साथ या तो छोड़ देती है या आपके कद की अपेक्षा बहुत ही छोटी हो जाती है । लखनऊ विश्विद्यालय खगोल शास्त्र की डॉ अलका मिश्रा ने छात्रों को बताया कि साल में महज दो दिन ऐसे होते हैं, जब सूर्य 23.5° N और 23.5° S डिग्री अक्षांश के बीच आने वाली जगहों पर दोपहर के समय ठीक हमारे सिर के ऊपर चमकता है। यही कारण है कि उस समय हमारी परछाई भी हमारा साथ छोड़ देती है। परछाई न बनने की इस घटना को खगोल वैज्ञानिक 'शून्य छाया दिवस' या जीरो शैडो–डे कहते हैं। चूंकि लखनऊ 26.85° N अक्षांश पर स्थित है, अतः यहां पूर्ण रूप से शून्य छाया नहीं बनती पर निम्नतम छाया २१ जून को मध्यान्ह मे देखी जा सकती है । एक आसान से प्रयोग के माध्यम से उन्होंने छात्रों को घेरे में खड़ा करके दोपहर 12. 06 पर इस घटना को प्रदर्शित करते हुए छात्रों को जीरो शैडो डे के बारे काफी रोचकता पूर्ण ढंग से समझाया । इस अवसर पर विभागाध्यक्ष प्रोफेसर पूनम शर्मा एवं भौतिक विज्ञान के प्रो अमृतांशु शुक्ल भी उपस्थित रहे और उन्होंने भी



छात्रों के साथ सूर्य और धरती के बीच होने वाले इस अद्भुत घटना क्रम के बारे में विभिन्न जानकारियां साझा करी । उन्होंने बताया कि किस प्रकार पृथ्वी पर अलग–अलग जगहों के लिए इनकी तारीखें भी अलग–अलग होती हैं और यह घटना तब होती है जब सूर्य का झुकाव स्थान विशेष के अक्षांश के बराबर हो जाता है । जीरो शैडो डे पर, जब सूर्य स्थानीय मध्याह्न रेखा को पार करता है, तो सूर्य की किरणें जमीन पर किसी वस्तु के सापेक्ष बिल्कुल लंबवत पड़ती हैं. ऐसे में उस समय आपकी परछाईं या तो शून्य या निम्नतम हो जाती है । सामान्य जनधारणा के विपरीत दोपहर के समय भी जीरो शैडो डे के सिवा सूर्य कभी भी ठीक हमारे ऊपर नहीं होता । यह आमतौर पर थोड़ा उत्तर या थोड़ा सा दक्षिण में कम ऊंचाई पर होता है । पृथ्वी की रोटेशन एक्सिस सूरज की तरफ 23.5 डिग्री झुकी होती है, यही कारण है कि सूर्य की रोशनी एक समान धरती पर नहीं पड़ती और मौसम में परिवर्तन देखने को मिलते हैं।

## भारत विकास परिषद के तीन दिवसीय योग का हुआ भव्य समापन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर भारत विकास परिषद शाखा जौनपुर द्वारा तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन गूलरघाट स्थित राममंदिर शाखा पर योग गुरु शिव प्रकाश जी सह सामाजिक समरसता प्रमुख काशी प्रान्त के निर्देशन में भव्य तरीके योग आसन एव ध्यान कराया एव शरीर को निरोग रखने के लिए नियमित योग करने के महत्व को बताया प्रतिदिन योग को अपनी आदत में डालने के लिए प्रेरित किया। अध्यक्ष नीरज जायसवाल ने योग का जीवन मे महत्व के बारे बताते हुए कहा कि हमारे आदरणीय प्रधानमंत्री के प्रयास से 11 दिसम्बर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा में प्रस्ताव पारित कर 21जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित हुआ है। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के नगर संघ चालक धर्मवीर जी,संतोष जी, हेमंत जी,भाजपा प्रतिनिधि ब्रह्मेश शुक्ला, प्रान्तीय प्रकल्प प्रमुख समग्र ग्राम अतुल जायसवाल, वनवासी सहायता प्रमुख अवधेश गिरी,पूर्व अध्यक्ष भृगुनाथ पाठक,महिला संयोजिका बबिता जायसवाल मीनू श्रीवास्तव कोषाध्यक्ष शरद साहू मीडिया




प्रभारी शिवकुमार गुप्ता, उदय कुमार सिंह, डॉ आशुतोष सिंह, राहुल पांडेय, अजय गुप्ता, सतेंद्र अग्रहरि, संजय अस्थाना,शैलेन्द्र निषाद सहित तमाम सभ्रांत जन उपस्थित थे संचालन सचिव दिलीप जायसवाल ने किया आभार प्रकल्प प्रमुख सत्यप्रकाश जायसवाल ने व्यक्त किया।

## योग को जीवन का अभिन्न अंग बनाएं : कुलपति

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के एकलव्य स्टेडियम में मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह का आयोजन हुआ। आर्ट ऑफ लिविंग बेंगलुरु के योग प्रशिक्षक ई. अंकुश जी ने आयुष मंत्रालय के प्रोटोकॉल के तहत योग कराया। इसके साथ ही विश्वविद्यालय परिसर में खेलकूद परिषद, राष्ट्रीय सेवा योजना, रोवर्स रेंजर एवं मिशन शक्ति के संयुक्त तत्वावधान में चल रहे अमृत योग सप्ताह का समापन हुआ। मैसूर के पैलेस मैदान में आयोजित योग दिवस के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उद्बोधन सीधे प्रसारण के माध्यम से स्टेडियम में सुना गया। योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि योग में श्वास की महत्वपूर्ण भूमिका है। श्वास लेने और छोड़ने के सौंदर्य को जो जान लेते है वही योग के महत्व को समझते है। उन्होंने कहा कि योग के लिए खाली पेट होना चाहिए, जो लोग सुबह योग नहीं कर सकते है वह सायंकाल भोजन के पूर्व योग कर कर सकते है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी, विद्यार्थी योग को अपने जीवन का



अभिन्न अंग बना ले। कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने योग प्रशिक्षक ई. अंकुश, जय एवं विकास, अनिल कुमार को अंगवस्त्रम एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। विश्वविद्यालय की योग टीम द्वारा आठ दिनों तक योगाभ्यास कराया गया। संचालन अशोक सिंह और धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम के संयोजक प्रो. अजय प्रताप सिंह ने किया। कार्यक्रम के बाद पौधरोपण में भी कुलपति के साथ अधिकारियों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर वित्त अधिकारी संजय राय, कुलसचिव महेंद्र कुमार, सहायक कुलसचिव बबिता, अमृत लाल, विजय तिवारी, प्रो. देवराज, दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ मनोज पाण्डेय, डॉ जान्हवी श्रीवास्तव,डा. राकेश यादव, डॉ. जगदेव, डॉ. सुनील कुमार, डॉ अवध बिहारी सिंह, डॉ पुनीत सिंह, दिव्येंदु मिश्र, राजेंद्र प्रताप सिंह, पंकज सिंह, डॉ. पीके कौशिक, रमेश पाल, मदन मोहन भट्ट, प्रमोद कुमार सिंह, इन्देश कुमार, विद्युत मल्ल, सुशील प्रजापति, राजनारायन सिंह रजनीश सिंह, डॉ. राजेश सिंह समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

## रेडक्रास ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

जौनपुर सू.वि. : अमृत योग महोत्सव के अंतर्गत जिलाधिकारी जौनपुर के नेतृत्व में चल रहे योग सप्ताह कार्यक्रमों में विश्व योग दिवस पर भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी जौनपुर द्वारा रेडक्रास भवन पर योग शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्य अतिथि जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा तथा विशिष्ट अतिथि मुख्य विकास अधिकारी सीलम साई तेजा ने दीप प्रज्वलित करके किया। इसके पश्चात योग शिक्षक द्वारा सभी सम्मानित सदस्यों और अतिथियों को सर्वाइकल स्पांडिलाइटिस ,कमर ,रीढ़ की हड्डी एवं हृदय रोग से संबंधित योग का अभ्यास कराया गया। मुख्य अतिथि रेडक्रास के अध्यक्ष मनीष कुमार वर्मा ने कहा कि योग करने से व्यक्ति का शरीर स्वस्थ रहता है और साथ ही साथ मनुष्य में नवीन ऊर्जा का संचार निरंतर होता रहता है। उन्होंने रेड क्रॉस सोसाइटी के सभापति डॉ आर के सिंह ,सचिव डॉ मनोज वत्स तथा कोषाध्यक्ष डॉ संदीप पांडेय की इस कार्यक्रम को आयोजित करने के लिए के लिए सराहना की। विशिष्ट अतिथि सीडीओ सीलम साई तेजा ने कहा कि योग को व्यक्ति को अपने दिन प्रतिदिन के जीवन में शामिल करना चाहिए ।उन्होंने योग के महत्व को विस्तार से बताया और कहा कि योग सप्ताह 14



जून से निरंतर चल रहा है आज 21 जून विश्व अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में पूरे जनपद में मनाया जा रहा है। अंतर्राष्ट्रीय संस्था रेड क्रॉस का यह कार्यक्रम अत्यंत सराहनीय है । इस कार्यक्रम में रेडक्रास के सदस्यों डॉ कमर अब्बास ,डॉ विमला सिंह, रवि सिंह, अनिल गुप्ता , डॉ एससी वर्मा ,शशिकांत सिंह ,अरुण सिंह,संजय उपाध्याय, अनिल गुप्ता जनार्दन सिंह,नेहा सिंह ,राज कुमार बिंद , जनार्दन पांडेय,राघवेंद्र सिंह, सैयद मोहम्मद मुस्तफा ,पुनीत सिंह,आशीष श्रीवास्तव, सौरभ सिन्हा,भानु सिंह,मनोज गुप्ता, संजय यादव आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन सचिव डॉ मनोज वत्स एवं अतिथियों का आभार डॉ संदीप पांडे द्वारा व्यक्त किया गया।

## आवश्यक सूचना


आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## पूर्व प्राचार्य के पिता का हुआ निधन, शोक की लहर

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : राजा श्री कृष्ण दत्त पीजी कालेज जौनपुर के पूर्व प्राचार्य डॉ अखिलेश्वर शुक्ला के पिता का 20/06/2022 दिन सोमवार को निधन हो गया, निधन का समाचार सुनकर महाविद्यालय परिवार और शुभ चिंतक शोकाकुल हो गए। पूर्व प्राचार्य के पिता स्व राजबली शुक्ल 92 वर्षीय का निधन वाराणसी के गोदौलिया स्थित आवास पर हुआ, अंतिम संस्कार वाराणसी के मणिकर्णिका घाट पर उनके बड़े पुत्र डॉ अखिलेश्वर शुक्ला ने मुखाग्नि दिया। बताते चले की राजबली शुक्ल बिहार के रोहतास जिले के तहसील करगहर के शुकुलपुर गाव के मूल निवासी थे जिन्होंने अपने पीछे पत्नी ,पांच पुत्र और एक पुत्री सहित भरापुरा परिवार छोड़ गए है। प्राचार्य डा शंभू राम की अध्यक्षता में आज महाविद्यालय में एक शोक सभा हुई



जिसमें सभी शिक्षकों ने दो मिनट का मौन रखा। और ईश्वर से प्रार्थना की गई की मृतक की आत्म की शांति तथा उनके परिवार को असह्य दुख सहन करने शक्ति प्रदान करे।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर हुआ योगाभ्यास : सैकड़ों हुए शामिल

आर एल पाण्डेय खरगूपुर गोंडा ।स्थानीय नगर पंचायत क्षेत्र में आठवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर विभिन्न स्थानों पर योगाभ्यास हुआ जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। योग दिवस की खास तैयारियां एक दिन पहले ही शुरू हो गई थी फुल स्टार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खरगूपुर में



अधीक्षक डॉक्टर अजय कुमार यादव ने मंगलवार को प्रातः योगाभ्यास कराया जिसमें प्रमुख रूप से डॉ एम पी यादव जी पी तिवारी परमात्मा गुप्ता निजाम अहमद रवि श्रीवास्तव नीलम त्रिपाठी अखिलेश कुमार हरेंद्र यादव राजेश कुमार सहित चिकित्सक एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मी ने योग में हिस्सा लिया। इसी तरह थाना खरगूपुर में थानाध्यक्ष कुबेर तिवारी नगर पंचायत कार्यालय में अधिशासी अधिकारी राजन गुप्ता गांधी आदर्श इंटर कॉलेज में प्रबंधक जगदीश मिश्रा एवं प्रधानाचार्य सुब्रत राजन पांडे ने योगाभ्यास कराया। इसी तरह ग्रामीण क्षेत्रों में भी योग दिवस के मौके पर विद्यालयों ग्राम पंचायत सचिवालय आदि स्थानों पर लोगों ने योगाभ्यास किया।

## मामूली विवाद में बड़े भाई पर चाकुओं से ताबड़तोड़ हमला : मौत

बलरामपुर ब्यूरो : बलरामपुर के रेहरा बाजार के स्थानीय थाना क्षेत्र के बंजरिया हुसैन गांव में मंगलवार सुबह मामूली कहासुनी होने पर छोटे भाई ने बड़े भाई के ऊपर चाकुओं से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। मौके पर ही बड़े भाई की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक की पत्नी की तहरीर पर केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। कत्ल में इस्तेमाल चाकू बरामद कर लिया गया है। ग्राम बंजरिया हुसैन के मजरे बड़की बंजरिया निवासी नसीमा बानो ने बताया कि उनके पति आफताब (43) का छोटे भाई इम्तियाज (23) से मंगलवार सुबह मामूली विवाद हो गया। इसी बात से नाराज इम्तियाज ने बड़े भाई पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। मौके पर ही आफताब की मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक जेपी दुबे ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मृतक के पत्नी की तरह हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। मौके से आलाकत्ल चाकू बरामद कर लिया गया है।

# सम्पादकीय

## तालिबान से रिश्तेः काबुल में आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल भेजने की नई पहल

वर्ष 1998 में पाकिस्तान के बारे में दिवंगत प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का यह बयान कि 'हम दोस्त तो बदल सकते हैं, पड़ोसी नहीं बदल सकते', अफगानिस्तान के नए रूढ़िवादी तालिबान शासन के लिए ज्यादा प्रासंगिक एवं यथार्थवादी है, क्योंकि भारत ने काबुल में आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल भेजने की नई पहल की है, जिससे इतिहास के गहरे रिश्तों को सामान्य बनाने में मदद मिल सकती है। दोनों देशों के रिश्तों में वर्ष 1999 से 2021 के बीच प्रगाढ़ता आई, क्योंकि अमेरिका ने अफगानिस्तान के लोगों की प्रगति और विकास में भागीदार बनने के भारत के उत्साह का समर्थन किया। भारत के लोग भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में अफगान के समर्थन, सीमांत गांधी कहे जाने वाले खान अब्दुल गफ्फार खान के योगदान और उन महत्वपूर्ण क्षणों को याद कर सकते हैं, जब ठीक सौ वर्ष पहले काबुल में पहली निर्वासित भारत सरकार महाराजा महेंद्र प्रताप और मौलाना बरकतुल्लाह द्वारा बनाई गई थी। अफगानिस्तान के शासक रहे बादशाह अमानुल्लाह खान ने एक बार महाराजा से कहा था कि जब तक भारत स्वतंत्र नहीं होता, अफगानिस्तान सही मायनों में स्वतंत्र नहीं है।

भले ही अभी काबुल के शासकों की पाकिस्तान के साथ निकटता हो, पर इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता कि अफगानिस्तान के लोग भारत के प्रति सद्भावना रखते हैं, क्योंकि भारत सरकार ने पिछले दो दशकों में वहां तीन अरब डॉलर का निवेश किया है। विदेश मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, भारत अफगानिस्तान का विकास–साझेदार रहा है, जिसने वहां के 34 प्रांतों में से प्रत्येक में पांच सौ से अधिक परियोजनाओं का विकास किया है और खासकर बिजली, पानी की आपूर्ति, सड़क संपर्क, स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा, कृषि और क्षमता निर्माण जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में अफगानिस्तान की कायापलट कर दी है। ये परियोजनाएं अफगानिस्तान सरकार को सौंप दी गई हैं और तालिबान ने मुल्क के विकास में भारत के योगदान को सराहा है। भारत ने वहां 200 से अधिक सार्वजनिक और निजी स्कूलों का निर्माण किया है, 1,000 से अधिक छात्रवृत्तियां प्रायोजित की है और 16,000 से अधिक अफगान छात्रों की मेजबानी की है। पिछले दो दशकों के दौरान भारत–अफगानिस्तान के बीच संबंधों की कोई सीमा नहीं थी, जो अमेरिका की वापसी से पहले और अगस्त, 2021 में तालिबान द्वारा कब्जा किए जाने तक कायम थी।

मौजूदा स्थिति की जरूरत के मद्देनजर तालिबान के साथ रिश्तों में जमी बर्फ पिघलाने की भारत की पहल की तालिबान शासकों ने प्रशंसा की है और इसे दोनों देशों के रिश्तों को मजबूत बनाने के लिए एक अच्छी शुरुआत बताया है। वरिष्ठ राजनयिक जेपी सिंह के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल ने अफगानिस्तान के तालिबान शासन के कार्यवाहक विदेश मंत्री अवलावी अमीर खान मुत्ताकी के साथ बातचीत की, जिन्होंने बैठक के बाद ट्वीट किया, 'यह बैठक भारत–अफगानिस्तान कूटनीतिक संबंधों, द्विपक्षीय व्यापार और मानवीय सहायता पर केंद्रित थी।' विशेषज्ञों का कहना है कि इन मुद्दों पर बातचीत केंद्रित रहने का मतलब है कि भविष्य में दोनों देशों के रिश्ते बेहतर हो सकते हैं। तालिबान के सत्ता में आने के बाद अफगानिस्तान ने भूख और गरीबी का सामना किया है।

भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची के मुताबिक, विदेश मंत्रालय के अधिकारियों की यात्रा से यह अर्थ लगाना ठीक नहीं होगा कि भारत तालिबान शासन से रिश्ते जोड़ना चाहता है। भारत ने कोविड–19 वैक्सीन की पांच लाख खुराक, 13 टन दवाएं, लगभग 20,000 टन गेहूं और सर्दियों के कपड़े दान किए हैं, जबकि और अधिक दवा और खाद्यान्न काबुल के रास्ते में हैं। विगत अगस्त में अफगानिस्तान में अपना दूतावास बंद कर देने के बाद भारत सरकार की मौजूदा पहल दोतरफा संबंध बनाए रखने की उत्सुकता को दर्शाती है, अलबत्ता राजनयिक संबंधों के सामान्य होने के बारे में कुछ भी निश्चित नहीं है। पर स्थानीय कर्मचारी अब भी अपना काम कर रहे हैं और काबुल स्थित भारतीय दूतावास का उचित रख–रखाव करते हैं, जो भविष्य में दूतावास को फिर से खोलने की भारत की इच्छा को दर्शाता है। भारतीय राजदूत ने पिछले साल कतर की राजधानी दोहा में तालिबान के प्रतिनिधियों से मुलाकात की थी। भारतीय राजदूत और तालिबान के राजनीतिक कार्यालय के प्रमुख शेर मोहम्मद अब्बास स्टेनकजई के बीच वह बैठक सकारात्मक माहौल में संपन्न हुई थी। यह कूटनीतिक लाभ लेने की कोशिश करने वाले पाकिस्तान को हैरान करने के लिए काफी था। तब बीजिंग ने भी उस बैठक के महत्व को कम करने की कोशिश की थी।

जम्मू केंद्रीय विश्वविद्यालय के चांसलर और पाकिस्तान के पूर्व उच्चायुक्त जी. पार्थसारथी कहते हैं कि, आम धारणा के विपरीत, अफगानिस्तान एक अखंड देश नहीं है। वहां 14 अलग–अलग जातीय एवं भाषायी समुदाय हैं। पार्थसारथी के मुताबिक, चीन और अन्य देशों की अफगानिस्तान में दिलचस्पी का एक प्रमुख कारण उसके खनिज और भौतिक संसाधन हैं। चीन इस पूरे क्षेत्र में वित्त और बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए अपनी योजना का विस्तार करना चाहता है, ताकि पश्चिम एशिया के बाजारों तक बेल्ट ऐंड रोड की पहुंच हो सके। इस पृष्ठभूमि में तालिबान, पाकिस्तान और चीन की तिकड़ी यह सुनिश्चित करेगी कि पाकिस्तान के बलूचिस्तान इलाके में भारत परेशानी पैदा न करे। तालिबान चीन को अपना मित्र बताते हैं और चीन हमेशा भारत को दूर रखने की कोशिश करेगा, जो उसके सहयोगी पाकिस्तान की मदद से होगा। हालांकि पाकिस्तान और तालिबान के रिश्तों में खटास भी देखने को मिली है।

तालिबान की एक मुख्य चिंता सीमा से लगी बाड़ है, जिसे वे यह दावा करते हुए विभिन्न स्थानों पर हटा रहे हैं, कि पाकिस्तान के पास डूरंड रेखा पर बाड़ लगाने का अधिकार नहीं है। भारतीय दूतावास के आंकड़ों के अनुसार, अफगानिस्तान को भारत करीब एक अरब डॉलर का निर्यात करता है, जबकि अफगानिस्तान से भारत का आयात लगभग 53 करोड़ डॉलर है। भारत को अफगानिस्तान के साथ रिश्ते सामान्य बनाने की पहल अवश्य करनी चाहिए, लेकिन उसे मान्यता देने की जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए। इस मामले में वैश्विक मत और रुख के अनुसार ही उसे फैसला करना चाहिए।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## गोकुल ग्राम आवास विकास योजना बी बी खेड़ा पारा लखनऊ में मनाया गया आठवां विश्व योग दिवस 2022

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। गोकुल ग्राम आवास योजना पारा में अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस बड़े ही धूमधाम से एवं उत्साहपूर्वक समस्त क्षेत्र वासियों के सहयोग से मनाया गया जिसमें सभी पदाधिकारियों ने अपने विचार रखे और कार्यक्रम को सम्पन्न कराने में पूर्ण सहयोग किया । इस कार्यक्रम में सर्व श्री धीरेन्द्र तिवारी जी ने अपना अमूल्य समय दे कर लोगों को जागरूक किया और मार्ग दर्शन किया कि करें योग रहें निरोग , योग आत्मा को परमात्मा से मिलाने का न



केवल आध्यात्मिक बल्कि वैज्ञानिक माध्यम भी है।

## पर्चे पर लिखे मोबाइल नंबर से हुई शिनाख्त।

अयोध्या ब्यूरो : जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराये गए शख्स की मौत मामले में जेब में मिले पर्चे पर लिखे नंबर के जरिये शिनाख्त हो गई है। मृतक कैट थाना क्षेत्र के ग्राम दीपापुर का रहने वाला था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है।

बताया गया कि रात्रि गश्त में लगाई गई पीआरवी ने पुलिस कंट्रोल रूम के माध्यम से देवकाली चौकी को रविवार की देर रात सूचना दी कि कोतवाली नगर के बछड़ा सुलतानपुर में एक अधेड़ बेहोसही की हालत में पड़ा है। मौके पर पहुंचे देवकाली चौकी के सिपाही शैलेंद्र यादव ने बेहोशी की हालत में शख्स को रात्रि 12.45 बजे जिला चिकित्सालय पहुंचाया तो इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर ने परीक्षण के बाद उसको मृतक घोषित कर दिया। इसके बाद शव को मोर्चरी में रखवा पीएम के लिए मेमो पुलिस को भेजा गया। तलाशी में मृतक की जेब से एक पर्ची मिली, जिसमें एक मोबाइल नंब लिखा हुआ था। मोबाइल नंबर पर फोन के बाद मृतक की पहचान 45 वर्षीय संजीव कुमार मालवीय पुत्र राम सिंगार मालवीय निवासी ग्राम दीपापुर थाना कैंट के रूप में हुई। मृतक के रिश्तेदार पवन तिवारी एडवोकेट ने बताया वह शाम 7 बजे घर से बाहर निकला था। कैंट थाना प्रभारी अरुण सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है।

## सेंट जोसेफ ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस छात्र छात्राओं ने दिया संदेश – नियमित करें योग

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ । आठवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आज प्रातः सेंट जोसेफ की सीतापुर रोड शाखा पर योगाभ्यास किया गया इसमें छात्र–छात्राओं के अलावा विद्यालय की प्रधानाचार्या एवं प्रशासनिक अधिकारी श्रीमती पल्लवी उपाध्याय , समरीन सैफी के साथ सभी अध्यापक अध्यापिकाओं ने योगाभ्यास किया ।योग शिक्षक श्री राजेश त्रिवेदी ने सभी को स्वस्थ रहने के सभी योगासन करवाएं और योग को नियमित करने की शिक्षा दी ।विद्यालय के प्रबंध निदेशक श्री अनिल अग्रवाल ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस हमारी सभी शाखाओं में मनाया जाता है ।और कुशल शिक्षक द्वारा हर शनिवार को नियमित योगासन सभी को



करवाया जाता है ।निरंतर योग करने से ही हमारा शरीर निरोग और स्वस्थ रह सकता है।

## सीएससी केन्द्रों पर मनाया गया अर्न्तराष्ट्रीय योग दिवस

गोरखपुर ब्यूरो राजनारायण ओझा : अर्न्तराष्ट्रीय योग दिवस पर जनपद गोरखपुर के सीएससी केन्द्रों पर प्रातः से ही योग शिविरों का आयोजन किया गया, जिसमें आस पास के नागरिक तथा अन्य लोगों ने भी योग शिविर में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर योग के जरिये उत्तम स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक करने का कार्य सीएससी वीएलई द्वारा किया गया। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 21 जून को 8 वें अर्न्तराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अर्न्तगत ''सीएससी ई–गर्वनेन्स सर्विसेज इण्डिया लिव'' के तत्वाधान में जनपद के समस्त सीएससी केन्द्रों पर प्रातः से ही योग शिविर का आयोजन किया गया जिसमें ग्रामीणों तथा नागरिकों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर सीएससी केन्द्रों पर गणमान्य लोगों, सम्मानित ग्राम प्रधानों ने भी उपस्थिति दर्ज कराई तथा लोगों को उत्तम स्वास्थ्य हेतु योग के फायदे बताये तथा सीएससी केन्द्रों पर मिल रही सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे–आयुष्मान भारत, ई–श्रम, नेशनल पेंशन स्कीम, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना इत्यादि के बारे में भी जागरुक



किया। जिला प्रबंधक अंशुल यादव ने बताया कि सीएससी ई–गर्वनेन्स सर्विसेज इण्डिया लिव के केन्द्र प्रत्येक ग्राम पंचायत और वार्डों में स्थित हैं तथा ग्राम पंचायत स्तर पर लोगों को भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने के साथ–साथ ग्रामीणों को शिक्षा एवं स्वास्थ्य के प्रति भी जागरुक करने का कार्य कर रहे हैं।

## योग मस्तिष्क और शरीर के संबल का प्रतीक है –लक्ष्मी कांत त्रिपाठी

हरदोई(अम्बरीष कुमार सक्सेना) : अष्टम अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह पूर्वक बड़ी फील्ड पर आयोजित हुआ। नगर पालिका परिषद द्वारा बड़ी फील्ड पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का शुभारंभ संयुक्त रूप से अध्यक्ष प्रतिनिधि सभासद लक्ष्मी कांत त्रिपाठी, इंस्पेक्टर सुरेश कुमार मिश्र,अधिशाषी अधिकारी संजय कुमार, अधिवक्ता राम सनेही मिश्र, भाजपा नेता राजेन्द्र प्रसाद मिश्र ने किया। इस अवसर पर योग दिमाग और शरीर के संबल का प्रतीक हैः लक्ष्मी कांत त्रिपाठी ने कहा कि योग मस्तिष्क और शरीर के संबल का प्रतीक है। योग मनुष्य और प्रकृति के बीच सामंजस्य हैय विचार, संयम और स्वास्थ्य पूर्ति प्रदान करने वाला है तथा स्वास्थ्य और भलाई के लिए एक समग्र दृष्टिकोण को भी प्रदान करने वाला है। यह व्यायाम के बारे में नहीं है, लेकिन अपने भीतर एकता की भावना, दुनिया और प्रकृति की खोज के विषय में है। हमारी बदलती जीवन– शैली में यह चेतना बनकर, हमें जलवायु परिवर्तन से निपटने में मदद कर सकता है। अम्बरीष कुमार सक्सेना के संचालन में हुए इस योग कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक योगेश गुप्ता, प्रवेंद्र सिंह,विशाल द्विवेदी, सुतीक्ष्ण राठौर,श्याम सुंदर सैनी,एवं नोडल अधिकारी डॉक्टर मधु सिंह ने उपस्थित जनसमूह को आसन,प्राणायाम कराए। इस अवसर पर सभासद अखिलेश त्रिपाठी,संजय तिवारी,विनोद राठौर,अनिल त्रिपाठी,अधिवक्ता अमित मिश्र,सफाई निरीक्षक दीपक कुमार, राजस्व निरीक्षक अनस अहमद



खां,असद हुसैन खां, शान खां,पीयूष शुक्ला,प्रधानाचार्या नूरुल हुमा सहित सैकड़ों,महिलाएं,पुरुष और स्कूल कालेजों के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। योग मनुष्य और प्रकृति के बीच सामंजस्य हैय विचार, संयम और पूर्ति प्रदान करने वाला है तथा स्वास्थ्य और भलाई के लिए एक समग्र दृष्टिकोण को भी प्रदान करने वाला है। यह व्यायाम के बारे में नहीं है, लेकिन अपने भीतर एकता की भावना, दुनिया और प्रकृति की खोज के विषय में है। हमारी बदलती जीवन– शैली में यह चेतना बनकर, हमें जलवायु परिवर्तन से निपटने में मदद कर सकता है। उधर शिव सत्संग मंडल आश्रम, हुसेनापुर धौकल के परिसर मे सत्संगी बंधुओ के द्वारा योग पर्व मनाया गया। योग पर्व मे मंडल अध्यक्ष आचार्य अशोक , महात्मा शांतानंद, योग प्रशिक्षक मोहित राजपूत व सत्यम सक्सेना, सत्संगी राम लखन, भैया लाल, राम बहोरन, देव सिंह, रजनीश राजपूत, शिव ओम राजपूत, प्रदीप, बबलू आदि सत्संगी उपस्थित रहे।

## अमृत योग महोत्सव मनाया गया

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ।। आज दिनांक 21 जून जून 20 22 को लखनऊ नगर निगम द्वारा अमृत योग महोत्सव का आयोजन किया गया जो 14 जून से 20 अगस्त तक पूरे लखनऊ में मनाया गया। आज दिनांक 21 जून को अमृत योग महोत्सव को आठवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में आर्य समाज राजाजीपुरम के प्रांगण में आयोजित किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के प्रतिष्ठित नागरिकों ने भाग लिया और योग शिविर का लाभ उठाया। योग शिविर को संपन्न कराने में श्री विजय मित्र द्विवेदी श्री रमाकांत सिंह श्री आशीष श्रीवास्तव का योगदान रहा। इस योग शिविर में डॉक्टर एस के सिंह, श्री राम इकबाल त्रिपाठी, श्री संजय दिवेदी, श्री शेष मिश्रा, श्री सरोज जोशी,



श्री काशी प्रसाद, श्री रामचंद्र श्री राम गुप्ता तथा डॉ आलोक कुमार द्विवेदी आदि लोगों ने योग महोत्सव का लाभ उठाया।

## परिवार नियोजन की सही फरमाईस : मदद करेगी 'बास्केट ऑफ च्वाइस'

जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने और बेहतर मातृत्व स्वास्थ्य के लिए जरूरी है कि शादी के दो साल बाद ही पहले बच्चे के जन्म की योजना बनायी जाए और दूसरे बच्चे के जन्म में कम से कम तीन साल का अंतर जरूर रखा जाए। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने बहुत कारगर और सुरक्षित साधनों से युक्त ''बास्केट ऑफ च्वाइस'' मुहैया करा रखी है। इसके लिए यह जानना बहुत जरूरी है कि किसको, कब और कौन सा साधन अपनाना श्रेयस्कर होगा। बास्केट ऑफ च्वाइस में परिवार नियोजन के लिए नौ साधनों को शामिल किया गया है। इस बारे में उचित सलाह के लिए स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक, परिवार नियोजन काउंसलर, आशा कार्यकर्ता और एएनएम की मदद ली जा सकती है । अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजीव कुमार का कहना है कि जिले में 192 स्वास्थ्य इकाइयों पर परिवार नियोजन काउंसलर व कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर (सीएचओ) की मदद से बॉस्केट ऑफ च्वाइस के बारे में लाभार्थी की स्थिति के अनुसार सही परामर्श दिया जाता है । प्रत्येक माह की 21 तारीख को आयोजित होने वाले खुशहाल परिवार दिवस, प्रत्येक शुक्रवार को आयोजित होने वाले अंतराल दिवस एवं प्रत्येक माह की नौ तारीख को आयोजित होने वाले प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस पर भी इस बारे में जानकारी दी जाती है। पुरुष और महिला नसबंदी, आईयूसीडी, पीपीआईयूसीडी, त्रैमासिक अंतरा इंजेक्शन, माला एन, कंडोम, छाया और ईसीपी की गोलियां बॉस्केट ऑफ च्वाइस का हिस्सा हैं। सीएचसी बरसठी अंतर्गत बरसठी बाजार निवासी सत्य प्रकाश (45) पुत्र राधेश्याम ने भोपतपुर की आशा कार्यकर्ता गायत्री देवी की सलाह पर मंगलवार (21 जून) को जिला अस्पताल में नसबंदी कराया। उनकी पत्नी संगीता देवी का सिजेरियन आपरेशन हुआ था। उन्होंने बताया कि सिजेरियन आपरेशन होने से पत्नी को नसबंदी कराने पर ज्यादा दिक्कतों का सामना करना पड़ता। इसलिए पत्नी उन्हें ही नसबंदी कराने पर ज्यादा जोर दे रही थीं। नसबंदी कराने के बाद सत्य प्रकाश को कोई दिक्कत नहीं हुई। वह कहते हैं कि सिजेरियन आपरेशन के बाद महिलाओं को नसबंदी कराने पर ज्यादा दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। पुरुष नसबंदी ज्यादा ठीक होती है। इससे महिलाएं स्वस्थ रहकर परिवार के लिए ज्यादा योगदान दे पाएगीं। डॉ राजीव कुमार बताते हैं कि परिवार नियोजन का साधन हर लाभार्थी अपनी जरूरत और पसंद के हिसाब से अपनाता है, लेकिन काउंसलर और चिकित्सकों को दिशा–निर्देश है कि वह लाभार्थी के उन पहलुओं की भी जानकारी जुटाएं जिनमें कोई साधन विशेष उनके लिए उपयुक्त है या नहीं। परिवार नियोजन में जिले की स्थिति वित्तीय वर्ष 2021–22 में पुरुष नसबंदी 78, महिला नसबंदी 10,273, आईयूसीडी 13,401, पीपीआईयूसीडी 15,091, त्रैमासिक अंतरा इंजेक्शन 20,748, माला एन 66,214, छाया 35,095 और ईसीपी 24,390 के लाभार्थी जिले में परिवार नियोजन सेवा प्राप्त करने के लिए आगे आए हैं । साधनों को चुनते समय यह भी रखें ध्यान उन पुरुषों को



नसबंदी की सेवा अपनानी चाहिए जो शादी–शुदा हों और जिनकी उम्र 60 वर्ष से कम हो । उनके पास कम से कम एक बच्चा होना चाहिए जिसकी उम्र एक वर्ष से अधिक हो। पुरुष नसबंदी तभी करवानी चाहिए जब पत्नी ने नसबंदी न करवाई हो। पुरुष नसबंदी कभी भी करवाई जा सकती है। महिला नसबंदी प्रसव के सात दिन के भीतर, माहवारी शुरू होने के सात दिन के भीतर और गर्भपात होने के तुरंत बाद या सात दिन के अंदर करवाई जा सकती है । वह महिलाएं इस साधन को अपना सकती हैं जिनकी उम्र 22 वर्ष से अधिक और 49 वर्ष से कम हो। दम्पति के पास कम से कम एक बच्चा हो जिसकी उम्र एक वर्ष से अधिक हो। पति ने पहले नसबंदी न करवाई हो और सुनिश्चित कर लें कि महिला गर्भवती न हो और प्रजनन तंत्र में संक्रमण न हो । आईयूसीडी को माहवारी के शुरू होने के 12 दिन के अंदर या असुरक्षित यौन संबंध के पांच दिन के अंदर अपना सकते हैं। यदि लाभार्थी के पेडू में सूजन, एड्स या यौन संचारित संक्रमण का खतरा हो, यौनि से असामान्य रक्तस्राव हो, ग्रीवा, गर्भाशय या अंडाशय का कैंसर हो तो यह साधन नहीं अपनाया जाना चाहिए । प्रसव के बाद पीपीआईयूसीडी 48 घंटे के अंदर या प्रसव के छह सप्ताह बाद लगवायी जा सकती है । पानी की थैली (झिल्ली) फट जाने के 18 घंटे बाद प्रसव होने की स्थिति में, प्रसव पश्चार बुखार एवं पेटदर्द होने पर, योनि से बदबूदार स्राव या प्रसव के पश्चात अत्यधिक रक्तस्राव होने पर यह साधन नहीं अपनाया जाना चाहिए । गर्भपात होने के बाद तुरंत या 12 दिन के अंदर इसे अपना सकते हैं, बशर्ते आईयूसीडी संक्रमण या चोट न लगा हो। त्रैमासिक अंतरा इंजेक्शन प्रसव के छह सप्ताह बाद, तुरंत बाद, माहवारी शुरू होने के सात दिन के अंदर, गर्भपात होने के तुरंत बाद या सात दिन के अंदर लगवाया जा सकता है । यह इंजेक्शन उच्च रक्तचाप (160 या 100 से अधिक), अकारण योनि से रक्तस्राव, प्रसव के छह सप्ताह के भीतर, स्ट्रोक या मधुमेह की बीमारी, स्तन कैंसर (पहले या बाद में) और लीवर की बीमारी की स्थिति में नहीं अपनायी जानी चाहिए । इसे चिकित्सक की परामर्श से ही अपनाना है । साप्ताहिक छाया गोली प्रसव के तुरंत बाद, माहवारी शुरू होने से पहले, गर्भपात होने के तुरंत या सात दिन के अंदर अपना सकते हैं । जिन महिलाओं के अंडाशय में सिस्ट, बच्चेदानी के मुंह में बदलाव, पीलिया या लीवर के बीमारी का इतिहास, किसी भी प्रकार की एलर्जी और टीबी या गुर्दे जैसी कोई गंभीर बीमारी हो तो वह इस साधन को न अपनाएं । कंडोम का इस्तेमाल पुरुष कभी भी कर सकते हैं । यह अनचाहे गर्भ के अलावा यौन संक्रमण और एचआईवी या एड्स से भी बचाता है । गर्भनिरोधक गोली माला एन प्रसव के छह महीने बाद (केवल स्तनपान की स्थिति में), प्रसव के तीन सप्ताह बाद, माहवारी शुरू होने के पांच दिन के अंदर, गर्भपात होने के तुरंत या सात दिन के अंदर अपना सकते हैं । यह गोली पीलिया होने या पीलिया का इतिहास होने पर, स्ट्रोक, लकवा या ह्रदय रोग, 35 वर्ष से अधिक उम्र की धूम्रपान करने वाली महिलाओं, उच्च रक्तचाप (140 या 90 से अधिक) या माइग्रेन की स्थिति में नहीं लेनी है । इसमें यू पी टी एस यू द्वारा भी सहयोग किया जा रहा हैं।

## अजीजनगर चौकी प्रभारी रिश्वत लेने के आरोप में निलंबित : वीडियो वायरल

लखनऊ ब्यूरो : मड़ियांव थाने के अजीजनगर चौकी प्रभारी संतोष सिंह को रिश्वत लेने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। अजीजनगर चौकी के अंदर का एक वीडियो सोमवार देर रात को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। जिसमें कुछ लोग अंदर खड़े होकर रुपये गिन रहे थे। वहीं सामने कुर्सी पर चौकी प्रभारी बैठे थे। मामले की जांच एसीपी अलीगंज को सौंपी गई थी। शुरूआती जांच में भूमिका संदिग्ध पाई गई। जिसके आधार पुलिस कमिश्नर डीके ठाकुर ने निलंबित कर दिया है। वहीं मामले की जांच की जा रही है। एडीसीपी उत्तरी प्राची सिंह के मुताबिक मड़ियांव के अजीजनगर चौकी पर बतौर प्रभारी तैनात संतोष सिंह को मंगलवार को निलंबित कर दिया है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था। जिसमें चौकी के अंदर पांच लोग मौजूद है। इसमें चौकी प्रभारी संतोष सिंह अपनी कुर्सी पर बैठे है। दो अन्य लोग भी कुर्सी पर बैठे है। जबकि संतोष सिंह के सामने खड़े दो युवक कुछ देर बातचीत करते हैं। इस बातचीत में संतोष सिंह की आवाज आ रही है। दोनों युवक इसी बीच जेब से रुपये निकालकर गिनते हैं। सोशल मीडिया पर यह वीडियो सोमवार देर रात वायरल हुआ। जिसके बाद एसीपी अलीगंज अली अब्बास को जांच सौंपी गई। शुरूआती पड़ताल में चौकी प्रभारी की भूमिका संदिग्ध मिली। जिसके बाद प्राथमिक जांच की रिपोर्ट एसीपी ने पुलिस कमिश्नर को भेज दी। इसी आधार पर संतोष सिंह को निलंबित कर दिया है। वहीं मामले की पूरी जांच की जा रही है।

# अमृत योग सप्ताह के तहत अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग शिविर का आयोजन किया गया।

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सरजू प्रसाद शैक्षिक सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था द्वार में अमृत योग सप्ताह के तहत अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ फूलचंद भारती ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मुख्य अतिथि कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन के वरिष्ठ अधिवक्ता काली प्रसाद सिंह ने कहा कि भारतवर्ष की योग विद्या शाश्वत है जो हमारी महान ऋषि मुनियों के त्याग और तपस्या का देन है हम इससे जीवन संवर्धन कर अपना सर्वांगीण विकास करते हैं योग से ही पूरी दुनिया में शांति सुखमय आ सकता है ।योग की अवधारणा वसुधैव कुटुंबकम का है जिससे विश्व को शांति मय बनाया जा सके । मौसम वैज्ञानिक व मध्यस्था अधिकारी डॉ दिलीप सिंह ने पतंजलि के अष्टांग योग के महत्व को बताया । प्रशिक्षक अमरेश पांडेय ने योग के सभी आसनों का योगाभ्यास कराया। महेंद्र विश्वकर्मा ने बताया योग मानवता के संरक्षण और हर व्यक्ति के स्वस्थ रहने के लिए अत्यंत जरूरी है बिना योग के शांति और विकास संभव नहीं। उक्त अवसर पर



किशन गुप्ता सुजीत गुप्ता बृजेश गौड़ सूरज राजभर यशवंत यादव कलेक्ट्रेट पोस्ट मास्टर श्री राम विश्वकर्मा दिव्यांश हिमांशु उपाध्याय तथा काफी संख्या में बच्चे उपस्थित थे। कार्यक्रम आयोजक संजय उपाध्याय ने कहा कि योग शिविर कलेक्ट्रेट कैंपस जौनपुर में प्रतिवर्ष संस्था द्वारा आयोजित किया जाता है इसमें सबकी सहभागिता के लिए बहुत – बहुत धन्यवाद एवं आभार ज्ञापित किया।

# माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश के परिणाम आते ही छात्रों के खिले चेहरे

सुजानगंज (विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी) : उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट के परीक्षा परिणाम आते छात्र–छात्राओं में खुशी की लहर दौड़ पड़ी कई दिनों से इंतजार के बाद परीक्षा परिणाम हुआ घोषित जिसमें सरस्वती इंटरमीडिएट कॉलेज ऊंचगांव सुजानगंज के छात्र छात्राओं ने लहराया परचम सत प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने माता–पिता तथा गुरुजनों सहित विद्यालय का नाम रोशन किया. ज्ञात हो कि इस विद्यालय से तमाम छात्र छात्राएं प्रशासनिक सेवा दे रहे हैं और देश के सभी कोने में विदेश तक अपनी पहचान बनाए हुए हैं यह विद्यालय क्षेत्र का बहुत ही पुराना विद्यालय माना जाता है जहां से बड़े पैमाने पर छात्र–छात्राओं ने अपनी परीक्षा को उत्तीर्ण कर अपनी शिक्षा को प्राप्त करने के बाद देश के हर कोने में अपनी सेवा दे रहे हैं .इसी क्रम में शिवांगी पटेल 91. 5 प्रतिशत आरजू 90.33 प्रतिशत प्रिया यादव 87.8 प्रतिशत रिचा पटेल 86 प्रतिशत हनी तिवारी 86







प्रतिशत अमित यादव 85 प्रतिशत निशी सिंह 83.5 प्रतिशत श्वेता शर्मा 82.8 प्रतिशत तथा इंटरमीडिएट में विद्यासागर 81.4 प्रतिशत सुदीप कुमार 79.4 प्रतिशत अर्पित यादव 79 प्रतिशत शुभी सिंह 79 प्रतिशत प्रिंस 78.8 प्रतिशत अन्य सभी छात्रों का 70 प्रतिशत के ऊपर ही रहा. वहीं पर विद्यालय के प्रधानाचार्य घनश्याम पटेल ने सभी छात्र छात्राओं को फोन के माध्यम से बधाई संदेश देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और विद्यालय के अध्यापक रविकांत, शिव प्रकाश, दिनेश मणि त्रिपाठी, मनमोहन पटेल, मुलायम यादव, जटा शंकर को भी बधाई दी कि कुशल मार्गदर्शन करते हुए बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान की।

# आठवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जनपद के ऐतिहासिक शाही किला सहित अन्य स्थानों पर भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन संपन्न

जौनपुर सू.वि. : आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत आज आठवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जनपद के ऐतिहासिक शाही किला सहित अन्य स्थानों पर भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें योगाभ्यास के लिए लोगो ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर माननीय प्रधानमंत्री जी का ऐतिहासिक मैसुरू पैलेस ग्राउंड से हो रहे उद्बोधन का लाइव स्ट्रीमिंग था जिसे इस परिसर में स्थित प्रतिभागियों ने सुना तथा उनके उद्बोधन से प्रेरणा प्राप्त की। इस कार्यक्रम का आयोजन विदेश व्यापार महानिदेशक, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय भारत सरकार ने उत्तर प्रदेश राज्य सरकार, अपेड़ा, नोएडा एसईजेड, एफआईईओ तथा अन्य गैर सरकारी व औद्योगिक संगठनों व निर्यात संवर्धन परिषदो के साथ मिलकर किया। जनपद में मुख्य अतिथि केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्यमंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल, मा0 विधायक मड़ियाहू आर.के. पटेल, अतिरिक्त महानिदेशक विदेश व्यापार नई दिल्लीध्नोडल अधिकारी डा0 अमिया चन्द्रा, जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। मा0 राज्यमंत्री जी ने अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की अन्नत शुभकामनाएं दी और कहा कि भारत की प्राचीन सांस्कृतिक धरोहर योग को पूरी दुनिया में स्वीकार्यता दिलाने में माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने अथक प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि किसी भी कार्य की शुरुआत करना तो आसान होता है लेकिन हर साल उसे और नई ऊचाईयों पर ले जाना चुनौतीपूर्ण होता है। मा0 प्रधानमंत्री जी ने अपने अथक प्रयास से हर वर्ष अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस को नई ऊचाईयों पर ले जाने का कार्य किया है। शाही किले में अधिक संख्या में लोगों को योग कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए देखकर राज्यमंत्री ने कहा कि यह दृश्य अभूतपूर्व है। देश में 75 आईकॉनिक साइटों से ऐसा नजारा देखने को मिल रहा है और उन्ही 75 आईकॉनिक साइटों में जनपद के शाही किला को भी सम्मलित किया गया है। उन्होंने कहा कि 2015 में मा0 प्रधानमंत्री जी ने इसकी शुरुआत करने में कमयाबी हासिल की। इस अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का संदेश मजबूती से देश–विदेश में जाना चाहिए। योग की स्वीकार्यता भारत में ही नहीं अपितु भारत के बाहरी देशों में भी है। उन्होंने कहा कि योग सम्पूर्ण स्वास्थ की कुंजी है तथा मानव जाति के लिए उपहार है। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ियों को भी प्रेरित करते रहें। माननीय मंत्री जी ने कहा कि योग का लाभ संपूर्ण रूप



से मन को मिलता है, तनाव से मुक्ति मिलती है। एकाग्रता एवं जीवन में अनुशासन एवं सकारात्मक ऊर्जा का प्रसार होता है, नकारात्मकता खत्म होती है। योग पूर्ण रूप से रोग से मुक्त रखता है। योग के एक नहीं अनंत लाभ है। विश्वभर के लोग योग को दिनचर्या में शामिल कर रहे हैं। उन्होंने सभी से आग्रह किया है कि जब भी आपको समय मिले योग अवश्य करें। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने योग कार्यक्रम में सम्मिलित होने वाले सभी लोगों का स्वागत किया एवं कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले अधिकारियोंध्कर्मचारियों व अन्य को बधाई दी। शाही किले के अलावा योग कार्यक्रम वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्व विद्यालय, उमानाथ सिंह स्वसाशी राजकीय चिकित्सालय महाविद्यालय, जिला कारागार, इंग्लिश क्लब जौनपुर, मॉ0 दुर्गा जी विसर्जनघाट, इदिरा गांधी स्टेडियम सहित जनपद के प्रत्येक ग्रामसभा और विभिन्न स्थलों पर योग का आयोजन 14 जून से सफलता पूर्वक किया जा रहा है। इसके उपरान्त आये हुए जनसमूह द्वारा योग संकल्प की शपथ ली गयी। तद्पश्चात राष्ट्रगान के उपरान्त कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम ने आये हुए साधको व अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। मुख्य कार्यक्रम स्थल पर योग प्रशिक्षक अचल हरीमूति, शशि भूषण, विकास यादव, कुलदीप यादव, गरिमा राठौर, अनीता यादव, वंन्दना साहू, जगदीश यादव, सिकन्दर आर्य, ज्ञान प्रकाश आर्य, रंजीत सहित अन्य योग प्रशिक्षक द्वारा का योग कराया गया। कार्यक्रम का टेलीकास्ट लाइव विभिन्न डिजिटल प्लेटफॉर्म्स जैसे यूट्यूब लिंक तथा टियूटर पर किया जा रहा था जिसे विभिन्न प्रतिभागियों ने आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा स्थापित प्रोटोकॉल के अनुसार विभिन्न प्रकार की योगासनों को किया। इस अवसर मा0 विधायक डा0 सुनील पटेल, उप सचिव वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय भारत सरकार वी0के0 सिंह, नगर पालिका जौनपुर अध्यक्ष माया टण्डन, मुख्य राजस्व अधिकारी रजनीश राय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 लक्ष्मी सिंह, जिला विकास अधिकारी बी0बी0 सिंह, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी आरडी यादव, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा0 गोरखनाथ पटेल, उपायुक्त मनरेगा भूपेन्द्र सिंह, सेवायोजन अधिकारी राजीव सिंह, क्षेत्रीय युनानी अधिकारी डा0 कमल उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रीति श्रीवास्तव, नूपुर श्रीवास्तव ने किया।

# तौधिकपुर में अमृत सरोवर निर्माण हेतु भूमि पूजन संपन्न

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : बल्दीराय ब्लाक के तौधिकपुर गांव में अमृत सरोवर का शिलान्यास किया गया।ब्लाक प्रमुख शिवकुमार सिंह ने विधि विधान से भूमि पूजन के बाद फावड़ा चला कर शुरुआत की।ब्लाक प्रमुख ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से चलाई गई यह महत्वाकांक्षी योजना जल संरक्षण के क्षेत्र में वरदान साबित होगी। योजना में



चयनित तालाब व पोखरों की खोदाई से बारिश का पानी संरक्षित होगा। इससे जानवरों व पशु–पक्षियों को पानी की दिक्कत नहीं होगी।कहा कि तालाबों को पुनर्जीवित करने का कार्य किया जा रहा है। जल को अमृत कहा जाता है,इसलिए जल संचयन के लिए लोगों को प्रेरित करने का कार्य इस तालाब के माध्यम से होगा। इसमें मनरेगा मजदूरों को रोजगार भी मिलेगा। बीडीओ राजेश कुमार सिंह ने कहा कि यह हम सबकी जिम्मेदारी है कि गांव का गंदा पानी सरोवर में न पहुंचे। बताया कि ब्लाक के 24 सरोवरों का चयन अमृत सरोवर योजना में किया गया है। ब्लाक प्रमुख ने कहा कि पोखरों की खोदाई के बाद पक्का घाट बनाया जाएगा। पक्की सीढ़ी भी बनेगी।बीडीओ ने बताया कि ग्राम पंचायत तौधिकपुर गांव में स्वर्गीय माता बक्श सिंह स्मारक देवतारा तालाब का चयन किया गया है। यहां दो एकड़ भूमि पर 39 लाख की लागत से अमृत सरोवर बनाया जाएगा।इस मौके पर खंड विकास अधिकारी धनपतगंज संदीप सिंह, ज्ञानेंद्र सिंह,गंगा वख्श सिंह,मुदित सिंह,कैप्टन देव नाथ सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर किया गया योग

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : बल्दीराय तहसील क्षेत्र के देहली बाजार स्थित हर्ष महिला पीजी कालेज में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में प्रबंधक विकास शुक्ल ने योग को शारीरिक एवं मानसिक विकास के आवश्यक बताया। योग दिवस पर छात्राओं के साथ योग



में हिस्सा लेकर छात्राओं को प्रोत्साहित किया।अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर मंगलवार को देहली बाजार स्थित हर्ष महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में योग दिवस मनाया गया। योग दिवस में शामिल सैकड़ों छात्राओं को योग की तमाम क्रियाओं की जानकारी देकर उनसे अभ्यास कराया गया। बच्चों को योग से होने वाले लाभ के बारे में तथा शरीर को स्वस्थ एवं निरोग रखने के इसे नियमित रूप से अभ्यास करने के बारे में बताया गया। प्रबंधक विकास शुक्ल ने छात्राओं को प्रतिदिन सुबह शाम कम से कम 10 मिनट योग करने का संकल्प दिलाया। इस मौके पर कोमल अग्रहरि, सुरेखा तिवारी, सपना मिश्रा, नीलू मिश्रा, सोनू मिश्र, राजेन्द्र नाथ पांडेय, मो रसीद सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# जनपद न्यायालय परिसर तथा जिला कारागार, जौनपुर में मनाया गया ''अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस''

जौनपुर सू.वि. : जनपद न्यायालय परिसर तथा जिला कारागार, जौनपुर में ''अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस'' मनाया गया। माननीय उच्च न्यायालय व राष्ट्रीय एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार 21 जून 2022 को ''अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस'' के अवसर पर आयुष मंत्रालय द्वारा निर्गत प्रोटोकाल का अनुपालन करते हुये माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष,




जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर श्रीमती वाणी रंजन अग्रवाल के निर्देशन एवं संरक्षण में सेशन्स हाऊस व जनपद न्यायालय परिसर, जौनपुर में योग दिवस मनाया गया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जौनपुर विकास, सिविल जज सी0डि0 जौनपुर प्रबोध कुमार वर्मा द्वारा जिला कारागार, जौनपुर में ''अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस'' के अवसर पर जेल अधीक्षक एस0के0 पाण्डेय, जेलर कुलदीप सिंह भदौरिया, डिप्टी जेलर राजकुमार व जेल विजिटर्स एवं जेल पी0एल0वी0 गण तथा बन्दियों के साथ योग कर योग दिवस मनाया गया। योग दिवस के अवसर पर योग गुरू द्वारा बताया गया कि योग मनुष्य को दीर्घायु प्रदान करता है, योग भारत की प्राचीन परम्परा का एक अमूल्य उपहार है यह दिमाग और शरीर की एकता का प्रतीक है। ''अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस'' योग का अभ्यास शरीर और मस्तिष्क की सेहत के लिए फायदेमंद है। योग शरीर को रोगमुक्त रखता है और मन को शांति भी देता है। भारत में ऋषि मुनियों के दौर से योग होता आ रहा है। योग भारतीय संस्कृति से जुड़ा है।

# श्रमजीवी यूनियन उत्तर प्रदेश ने पत्रकार स्व अजय सिंह को दी श्रद्धांजलि

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्रमजीवी पत्रकार यूनियन उत्तर प्रदेश की जनपद ईकाई के तत्वावधान में कलेक्ट्रेट परिसर स्थित पत्रकार भवन में अमर उजाला के वरिष्ठ पत्रकार अजय सिंह के असामयिक निधन पर एक शोक सभा आहूत किया गया ।सभा की अध्यक्षता यूनियन के जिलाध्यक्ष सुशील कुमार स्वामी ने किया । शोक सभा मे उपस्थित पत्रकार साथिओ ने अजय सिंह के आकस्मिक निधन पर शोक प्रकट करते हुए 2 मिनट मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई ।मृतक की आत्म शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। विदित हो कि मृत पत्रकार अजय सिंह वरिष्ठ पत्रकार कैलाशनाथ सिंह के छोटे चेहरे भाई थे। शोक सभा मे मुख्य रूप से शशिराज सिन्हा,दीपक श्रीवास्तव ,मनीष श्रीवास्तव जुबेर अहमद, छोटेलाल सिंह



अरुण कुमार श्रीवास्तव,छोटे राजपूत, जुबेर अहमद, अब्बास सय्यद,वीरेंदर गुप्ता,मंगला प्रसाद तिवारी, बरसाती कश्यप,रउफ खान, संतोष राय,सहित अनेक पत्रकार उपस्थित रहे।

# फरमान नेचरोपैथी क्लिनिक एवं योगा सेंटर पर निशुल्क योग शिविर का आयोजन किया गया

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ ।आज 21 जून 2022 विश्व योगा दिवस के अवसर पर फरमान नेचरोपैथी क्लिनिक एवं योगा सेंटर पर निशुल्क योग शिविर का आयोजन किया गया जिसमें उपस्थित लोगों को योग अभ्यास कराया गया योग शिविर के आयोजक डॉ एम एच सिद्दीकी डॉ ए एच सिद्दीकी के द्वारा सम्पन्न हुआ ।संस्था के संस्थापक डॉ एम.एच. सिद्दीकी ने बताया की योग दिवस की शुरुआत 21 जून 2015 में भारत के आयुष विभाग द्वारा हर साल आयोजित होती है योग औषधि है जो ब्रह्मांड की किसी भी बीमारी को ठीक करने की शक्ति रखती है यह न केवल आपको शारीरिक रूप से स्वस्थ बनाता है बल्कि आपके मन और आत्मा को भी शांत करता है ।डॉ. अमन कुमार,



डॉ.अरविंद सिंह एवं फैज पठान उपस्थित रहे।

# पतंजलि योगपीठ के योग प्रशिक्षक व पूर्व राष्ट्रीय युवा कोर स्वयं सेवक द्वारा युवा मंडल पाली को कराया योग

हरदोई पत्रकार जनार्दन श्रीवास्तव : योग सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत पाली नगर के पब्लिक शिक्षा निकेतन में मंगलवार को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सर्वप्रथम नेहरू युवा मण्डल पदाधिकारियों द्वारा योग कार्यक्रम में सहभागिता की गई। जहाँ पर नगर के पतंजलि योगपीठ के योग प्रशिक्षक प्रदीप अवस्थी द्वारा योग कराया गया। इस अवसर पर योग कार्यक्रम में सहयोग प्रदान करने हेतु नेहरू युवा मंडल, पाली अध्यक्ष प्रशान्त कुमार''पी.के.'' को विद्यालय के संस्थापक मायाप्रकाश अवस्थी व विद्यालय प्रबंधक अनुराग अवस्थी द्वारा श्रीमद भगवत गीता की पुस्तक भेंटकर सम्मानित किया गया। योग सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक व छात्र/छात्राएं उपस्थित रहे। तत्पश्चात युवा मण्डल, पाली कार्यालय पर पूर्व राष्ट्रीय युवा कोर स्वयंसेवक विकास



कुमार के द्वारा योग कराया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय युवा कोर स्वयंसेविका श्यामलता, युवा मंडल अध्यक्ष प्रशान्त कुमार''पी.के.'', शिवम, सौरभ, रंजीत, पुनीत, खुशबू, दिव्या, कोमल आदि मौजूद रहे।

# 23 जून 2022 को जनपद भ्रमण कर कानून व्यवस्था एवं विकास कार्यक्रमों का किया जायेगा स्थलीय निरीक्षण

जौनपुर सू.वि. : माननीय मंत्री समूह माननीय मंत्री पर्यटन एवं सांस्कृतिक विभाग उत्तर प्रदेश जयवीर सिंह, माननीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) खेल युवा कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश गिरीश चंद यादव, माननीय राज्य मंत्री श्रम एवं सेवायोजन उत्तर प्रदेश मनोहर लाल कोरी द्वारा सीधे संवाद हेतु 23 जून 2022 को जनपद भ्रमण/कानून व्यवस्था एवं विकास कार्यक्रमों की समीक्षा/स्थलीय निरीक्षण करेंगे। माननीय मंत्री समूह का भ्रमण बैठक कार्यक्रम 23 जून 2021 को निरीक्षण भवन लोनिवि में पूर्वाह्न 10.30 से 11.00 बजे तक पार्टी/संगठन के पदाधिकारियों के साथ मा0 मंत्री जी विचार विमर्श करेंगे। पूर्वान्ह् 11.00 बजे से 11.30 बजे तक मा0 जनप्रतिनिधियों (वर्तमान/पूर्व) मा0 सांसदगण, मा0 विधायकगण/ जिला पंचायत अध्यक्ष/ब्लाक प्रमुख/नगर पालिका एवं नगर पंचायत अध्यक्ष आदि के साथ मा0 मंत्री जी बैठक करेंगे। पूर्वान्ह 11.45 बजे से अपरान्ह् 12.15 बजे तक कलेक्ट्रेट सभागार में मा0 मंत्री जी जनता से भेंट एवं उनकी जनसमस्याओं की सुनवाई करेंगे। अपरान्ह् 12.16 से 02.00 बजे तक माननीय मंत्री समूह द्वारा कानून व्यवस्था एवं विकास कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में की जाएगी। अपराह्न 03.00 से 3.30 बजे निर्माणाधीन उमानाथ सिंह स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, सिद्दीकपुर जौनपुर का निरीक्षण, 03.30 से 04.00 बजे तक मण्डी परिषद जौनपुर में गेहूं क्रय केन्द्र सिरकोनी का निरीक्षण, 04. 00 से 04.30 बजे तक अस्थाई गौ–आश्रय स्थल हौज सिरकोनी, कृषि भवन नगर पालिका परिषद जौनपुर, ग्राम पंचायत उमरछा विकासखंड बक्सा या शाहपुर विकास खण्ड बदलापुर में से किसी एक गौ आश्रय स्थल का निरीक्षण करेंगे। 04.30 से 05.00 बजे तक ग्राम पंचायत लोहगाजर विकास खण्ड जलालपुर में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत हर घर नल योजना का स्थलीय निरीक्षण, 05. 00 से सायं 06.30 बजे तक मतापुर नगर पालिका परिषद जौनपुर के मलिन बस्ती में चौपाल/ जलपान/ सहभोज या चौपाल कार्यक्रम ग्राम पंचायत कमालपुर विकास खण्ड बदलापुर, ग्रा0 पं0 पतहना वि0ख0 करंजाकला, ग्रा0 पं0 सैदाबाद वि0ख0 सिरकोनी, ग्रा0पं0 गोतहा, वि0ख0 बक्सा, अभयचन्द्रपट्टी वि0ख0 करंजाकला, ग्रा0 पं0 भेदठी विकास खण्ड मछलीशहर का में करेंगे।

# निरहुआ को जिताने की अभाकाम ने किया अपील पत्रकार वार्ता का हुआ आयोजन

आजमगढ़ डीकेयू ब्यूरो : अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिलाध्यक्ष मनोज अस्थाना के आवास पर सोमवार को एक पत्रकार वार्ता आयोजित किया गया जिसमें महासभा के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर इन्द्रसेन श्रीवास्तव ने बतौर मुख्य अतिथि पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ने दिनेश लाल यादव उर्फ निरहुआ को इस लोकसभा के उपचुनाव में समस्त कायस्थों को एकजुट होकर उन्हें विजई बनाने की अपील किया साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि भारत सरकार हर रोज कायस्थ समाज की बेहतरी के लिए कार्य कर रही है तथा सरकार देश में स्थापित उन तमाम भ्रष्ट व्यवस्था को खत्म कर एक नए समाज के निर्माण में लगी है कायस्थ समाज कभी भी जातिवादी शक्तियों का समर्थन नहीं करती है हम कभी भी ऐसे लोगों का समर्थन नहीं करते जो समाजवाद की आड़




में कुनबा परास्त को बढ़ावा देते हैं जनपद के समस्त कायस्थ समाज के लोग एकजुट होकर दिनेश लाल यादव को सांसद के रूप में विजई बनाएं पत्रकार वार्ता के दौरान महासभा के प्रदेश सचिव श्रीकांत श्रीवास्तव प्रदेश सचिव मनीष श्रीवास्तव व सुधीर अस्थाना सुनील अस्थाना राकेश अस्थाना महामंत्री गुरु वचन लाल श्रीवास्तव आदि चित्रांश बंधु उपस्थित रहे।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर 34वीं वाहिनी पीएसी वाराणसी में आयोजित हुआ भव्य योगाभ्यास कार्यक्रम

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)34 पीएसी बटालियन वाराणसी पीआरओ सेल के मुताबिक मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर, वाहिनीं के हरे भरे ग्राउंड पर बड़ी संख्या में पीएसी के जवानों द्वारा 'मानवता के लिए योग' के आवाह्न पर, शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य मजबूत रखने के लिए सेनानायक डॉ राजीव नारायण मिश्र एवं समस्त जवानों ने सामूहिक रूप से संगीत की मधुर ध्वनि पर योगाभ्यास करते हुए योग दिवस मनाया। इस अवसर पर सेनानायक डा. राजीव नारायण मिश्र आईपीएस ने योग प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए योग के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर योगाभ्यास के महत्व एवं प्रभावों को पूरे विश्व ने स्वीकार किया है तथा कहा कि स्वस्थ मन के बाद जीने की कला योग से ही सीखने को मिलती है।इस अवसर पर सैन्य सहायक नरेश सिंह यादव, शिविर पाल देवपाल, दलनायक अजय प्रताप सिंह, सूबेदार सैन्य सहायक रणजीत कुमार तिवारी सहित बड़ी




संख्या में वाहिनी के जवानों ने प्रतिभाग किया। योग प्रशिक्षक श्री विनय कुमार द्वारा उपस्थित सभी को योगाभ्यास कराया गया। सफल योग कार्यक्रम आयोजित करने के लिए डॉ राजीव नारायण मिश्र ने सभी को धन्यवाद किया तथा पीएसी 'ब्रास बैंड' की मधुर ध्वनि के साथ योगाभ्यास कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# अस्पतालों में फैली चिकित्सा संबंधित समस्याएं एवं अव्यवस्थाओ को लेकर दिया ज्ञापन : सरोज यादव

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) समाजवादी पार्टी की महिला सभा अध्यक्ष सरोज यादव ने अपने साथियों के साथ अपर आयुक्त प्रशासन जितेंद्र कुशवाहा जी को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि जनपद अयोध्या के गंजा गांव के पास स्थित राजश्री दशरथ राजकीय मेडिकल कॉलेज में शौचालय की बहुत ही बुरी हालत है वहां के शौचालय में दरवाजा नहीं है न पर्याप्त चिकित्सक, वार्ड बॉय, नर्स, दवाइयों आदि सभी प्रकार की अव्यवस्थाएं फैली है। सरकारी महिला जिलाअस्पताल में महिला चिकित्सा की अत्यंत कमी होने के कारण महिलाओं का इलाज सुचारू रूप से नहीं हो पाता है, महिलाओं की जांच महिला चिकित्सक द्वारा न होकर पुरुषचिकित्सक एवं वार्ड बॉय द्वारा किया जाता है, जो पूर्णतया नियमों के विपरीत है, जिस पर तत्काल कड़ी कार्यवाही करनी चाहिए एवं नियंत्रण किया जाना चाहिए, जिससे महिलाओं के आत्मसम्मान को ठेस न पहुंचे। श्रीमती यादव ने बताया की अस्पताल में जितनी भी जांच की मशीनें है वह सभी खराब पड़ी है जिनकी मरम्मत कराकर सुचारु रुप से चालू कराया जाए, जिला अस्पताल में दवाओं की भी व्यवस्था की जानी चाहिए, ताकि मरीजों को बाहर से दबा न खरीदना पड़े। आम जनमानस को किसी भी तरह की कोई समस्या न हो सुचारू रूप से वह अपना इलाज करा सके सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर चिकित्सकों की कमी के कारण दूरदराज से आए हुए ग्रामीणों को अपने इलाज हेतु काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है चिकित्सक समय से स्वास्थ केंद्रों पर नहीं उपस्थित रहते तथा दवाओं का अभाव है इन सभी समस्याओं को दूर किया जाए जिससे आम जनमानस को किसी भी तरह की कोई समस्या न उठानी पडे। हमारी सरकार से मांग है कि स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए जिससे प्रदेश की जनता स्वस्थ रह सकें।कार्यक्रम में मौजूद रही महानगर महिला सचिव पूनम यादव, रीता राही, अंजू यादव, मंजू यादव, अंशिका यादव, साहिल अहमद, वसीम खान, भूपेंद्र, कलाम, करण यादव, अरुण यादव आदि लोग उपस्थित रहे

# जिले की कांग्रेस पार्टी ने किया केंद्र सरकार द्वारा सेना भर्ती की लायी गयी "अग्निपथ भर्ती योजना" का विरोध।

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)कांग्रेस प्रवक्ता सुनील कृष्ण गौतम ने केंद्र सरकार द्वारा सेना भर्ती की लायी गयी "अग्निपथ भर्ती योजना" का विरोध किया है।कांग्रेस प्रवक्ता सुनील कृष्ण गौतम ने कहा पिछले 3 वर्षों से सेना में भर्ती प्रक्रिया रुकी हुई है और इसके बाद अब केंद्र सरकार द्वारा अग्निपथ जैसी योजना लाई गई, इस इस असमंजस भर्ती योजना नें नौजवानों को पूरी तरह से निराश व हताश किया है। यह योजना सालों से तैयारी कर रहे युवाओं के साथ सरेआम धोखा है। उन्होंने कहा कि खून–पसीना बहाकर मेहनत करके देश की अर्थव्यवस्था को संभालने वाले किसानों के ऊपर केंद्र की मोदी सरकार तीन काले कृषि कानून थोपना चाहती थी। जीएसटी, नोटबन्दी के माध्यम से पहले ही छोटे व मझोले उद्योगों को समाप्त करने की रणनीति अपना चुकी केंद्र सरकार केवल अपने बड़े उद्योगपति साथियों को आर्थिक लाभ पहुंचाने का हर अवसर ढूढती रहती है। लेकिन किसानों के अहिंसक सत्याग्रह आंदोलन की ताकत के आगे मोदी सरकार को कदम वापस लेना पड़ा।अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य राजेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि सेना की भर्ती के साथ जो क्रूर मजाक किया गया है। यह दुर्भाग्यपूर्ण और इनकी सोची समझी रणनीति का हिस्सा है। यह केवल युवाओं में देश के प्रति भरे हुए शौर्य और देश प्रेम के जज्बे को खत्म करने का कुचक्र है। यह देश के दुश्मनों का मनोबल बढ़ाने वाली और देश के मौजूदा सैनिकों का मनोबल गिराने वाली है योजना है। वैश्विक स्तर पर मजबूत पहचान और अदम्य साहस रखने वाली भारतीय सैन्य शक्ति को कमजोर करने का यह षड्यंत्र है। युवाओं को इन नकली राष्ट्रवादियों को समझने की जरूरत है। "अग्निपथ" जैसी आत्मघाती योजना देश की सीमाओं की सुरक्षा की गारंटी को खत्म कर देगी।महानगर अध्यक्ष वेद सिंह कमल ने कहां सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलते हुए लोकतांत्रिक तौर–तरीकों, सत्याग्रह के माध्यम से युवाओं को इन छदम राष्ट्रवादियों के खिलाफ खड़े होने की जरूरत है। युवाओं को शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रखने की जरूरत है, न रुकने की जरूरत है, न थकने की जरूरत है, न झुकने की। आज युवाओं के कंधे में सबसे बड़ी जिम्मेदारी है कि युवा पीढ़ी देश के मजबूत लोकतंत्र और संवैधानिक ढांचे को बचाए रखने के लिए हर हाल में आगे आए और फासिस्टवादी ताकतों को जड़ से उखाड़ फेंके।

# ऑउट डोर लैण्ड स्केप पेन्टिंग वर्कशॉप प्रतियोगिता का दो दिवसीय निःशुल्क आयोजन हुआ सम्पन्न

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) गुलाबबाड़ी अयोध्या में ऑउट डोर लैण्ड स्केप पेन्टिंग वर्कशॉप / प्रतियोगिता का दो दिवसीय निःशुल्क आयोजन स्वदेश संस्थान – सागर कला भवन अयोध्या के तत्वावधान में सम्पन हुआ। जिसमें उत्तर प्रदेश के कई जिलों के कलाकारों ने प्रतिभाग किया। जिसमें मुख्य रूप से अयोध्या, गोण्डा, वाराणसी, प्रतापगढ़, लखनऊ, बाराबंकी, सीतापुर, जौनपुर, बस्ती, सुल्तानपुर, अमेठी, कानपुर, इलाहाबाद, गोरखपुर, अम्बेडकर नगर व कई जिलों के अधिक कलाकारों ने प्रतिभाग किया। सागर कला भवन अयोध्या द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम स्वदेश संस्थान भारत के निदेशक एस. बी.सागर के संयोजन में मुख्य अतिथि साकेत महाविद्यालय अयोध्या के कला विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर अम्बरीष श्रीवास्तव तथा विशिष्ट अतिथि भवदीय डिग्री कॉलेज के डॉ पंकज यादव, गया प्रसाद आनन्द तथा प्रशिक्षक वीरेन्द्र कुमार, इमरान खान, आशा गुप्ता, प्रवीण कुमार, पीयूष श्रीवास्तव के द्वारा वर्कशॉप प्रतियोगिता सम्पन्न हुआ।राज्य ललित कला अकादमी, उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन चित्रकला प्रशिक्षण कार्यशाला में प्रतिभागी नवोदित कलाकारों के साथ ही उत्तर प्रदेश के अन्य कई जिलों के सभी वर्ग के कलाकारों के लिए अयोध्या जनपद में पहली बार ऑउट डोर पेन्टिंग वर्कशॉप / प्रतियोगिता का आयोजन बड़े स्तर पर सभी प्रकार के चित्रकार व कला साधक कलाकारों ने प्रतिभाग किया। जिसमें श्रेष्ठ कला प्रदर्शन करने वाले कलाकारों में अयोध्या से कंचन लता, रुचिता यादव, रिद्धिमा गुप्ता, विदुषी श्रीवास्तव, अनुज श्रीवास्तव, कृपा शंकर गुप्ता, धर्मेन्द्र यादव, अनुष्का श्रीवास्तव, विक्रांत, बस्ती से अंकित गौतम, सुल्तानपुर से हिमांसी मौर्य व सोनाली, वाराणसी से प्रतीक्षा मौर्या, सीतापुर से समृद्धि श्रीवास्तव, गोण्डा से अंशिका कौशल, जौनपुर से अक्षत वीर सिंह, प्रतापगढ़ से अतुल विश्वकर्मा आदि प्रमुख रहे। निर्णायक मंडल द्वारा उत्कृष्ट कलाकृतियों के आधार पर प्रथम, द्वितीय व तृतीय की घोषणा 26 जून को सागर कला भवन अयोध्या में लगनी वाली कला प्रदर्शनी के बाद कि जाएगी तथा सम्मान समारोह में प्रथम, द्वितीय व तृतीय को विशेष पुरस्कार व अन्य सभी प्रतिभागियों को प्रतिभाग का प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा।यह कार्यशाला कला व कलाकारों के उत्थान व विकास के लिए सागर कला भवन अयोध्या द्वारा यह निःशुल्क आयोजन किया गया। प्रतिभागी कलाकारों द्वारा अपने माध्यम ( कार्टिज पेपर शीट, कैनवास, हार्डबोर्ड, पैनल, प्लाई तथा वॉटर, ऑयल, क्रेयॉन, एक्रेलिक, पेस्टल आदि ) व शैली में पेन्टिंग वर्क करने के लिए पूर्ण स्वतंत्र रूप से गुलाबबाड़ी के विभिन्न स्थानों व दृश्यों को कलात्मक पेन्टिंग कलाकृतियों के रूप में सृजित किया गया ।

# चोरी के आरोप में युवक गिरफ्तार : नकदी बरामद

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जनपद की राजकीय रेलवे पुलिस ने चोरी के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। उसके पास से चोरी से हासिल नकदी बरामद की है। पुलिस ने पकड़े गये आरोपी का दर्ज मुकदमे में चालान किया है।जीआरपी के प्रभारी नवरत्न गौतम ने बताया कि रेलवे पुलिस ने संदिग्ध की तलाश और जांच के दौरान अयोध्या रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर निर्माणाधीन नये भवन के सामने टीन शेड के पास से एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया। संदिग्ध ने अपना नाम–पता शुभम गुप्ता उर्फ राहुल निवासी सियाराम कॉलोनी करनपुर कोतवाली सदर जनपद प्रतापगढ़ हाल पता एचडी बजाज के सामने बताया है। पुलिस ने युवक के पास से 4350 रुपए बरामद किया है। युवक का कहना है कि वह शहर में एचडी बजाज के सामने रवीश कुमार त्रिपाठी के मकान में किराए का कमरा लेकर रह रहा है और प्लेटफार्म व ट्रेनों में यात्रियों का रुपया और सामान चोरी करने का काम करता है। पकड़े गए युवक का चोरी के मुकदमे में चालान किया गया

# पूराकलंदर पुलिस ने किशोरी को बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)जिले के पूराकलंदर थाना क्षेत्र के भदरसा कस्बे में पुलिस के मुताबिक एक समुदाय की लड़की को दूसरे समुदाय का युवक झांसा देकर अपहरण कर ले गया और उसके साथ छेड़खानी की।पता चलने पर पुलिस ने किशोरी को बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।आरोप के मुताबिक भदरसा कस्बा में एक नाबालिग किशोरी को उसी कस्बे का एक दूसरे समुदाय का युवक झांसा देकर अपहरण कर ले गया और उसके साथ छेड़खानी की।इसकी जानकारी होने पर घर वालों ने खोजबीन किया तो पता चला कि वासिफ उसे ले गया है।इसके बाद उसके दादा ने थाना पर रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी को बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।यह मामला दो समुदाय के बीच होने पर कुछ उपद्रवियों ने इसे सांप्रदायिक रूप देने का प्रयास किया लेकिन पुलिस की सतर्कता के कारण उनके मंसूबे पूरे नहीं हुए। पुलिस ने चंद घंटों में ही किशोरी को बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।इस संबंध में पूराकलंदर थाना प्रभारी



निरीक्षक राजेश सिंह ने बताया कि अपहृत किशोरी के दादा के तहरीर पर वासिफ पुत्र माजिद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।वही किशोरी को मेडिकल के लिए भेजा गया है।भदरसा में किसी प्रकार का कोई तनाव नहीं है लेकिन एहतियात के तौर पर पुलिस गश्त कर रही है।

# राम मंदिर निर्माण के लिये 74 दानवीरों ने खोला खजाना

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)राम नगरी अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के लिए दानदाताओं ने दिल खोलकर दान दिया है।ऑडिट के मुताबिक अब तक 3400 करोड़ रुपये की समर्पण निधि मन्दिर को मिल चुकी है।सबसे बड़ी बात यह है कि देश के 74 दानवीरों ने 1 करोड से भी अधिक की समर्पण निधि ट्रस्ट को दी है।वही इसी कड़ी में हालांकि श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट का मानना है कि आडिट पूरी होने के बाद धनराशि में और भी बढ़ोतरी संभव है।सूत्रों के मुताबिक खबर यह भी है कि चेक से समर्पण निधि देने वाले अयोध्या के 2 हजार भक्तों का चेक बाउंस हो गया।मन्दिर निर्माण के लिए 15 जनवरी से 27 फरवरी देश के सभी राज्यों में समर्पण निधि अभियान चलाया गया था। देश के 90 फीसदी जिलों में ऑडिट होने के बाद मार्च में ऑडिट होने तक 3400 करोड रुपये प्राप्त होने की सूचना आई थी। ट्रस्ट कार्यालय के प्रभारी प्रकाश गुप्त भी ऑडिट होने के बाद ही फाइनल आंकड़ों के सामने आने की बात कर रहे हैं।श्रीराम मंदिर के लिए दान करने वालों में लगभग 22 करोड़ रुपये के कई चेक ऐसे भी हैं जो बाउंस हुए हैं। चेक बाउंस कराने वाले सबसे अधिक अयोध्या जिले के लोग हैं।अयोध्या जिले में चेक बाउंस कराने वालों की संख्या 2 हजार से अधिक है, जबकि देश भर से आए



15 हजार से अधिक लोगों के चेक विभिन्न कारणो से वापस कर दिए गए हैं, जिनमें अकाउंट में बैलेंस नहीं होना भी प्रमुख कारण है।तकनीकी कारणो से बाउंस होने वाले चेक को फिर से बैंक के साथ बैठक करके उन्हे दोबारा रिप्रेजेंट किया जाएगा।श्री राम मंदिर के लिए एक लाख रुपये से लेकर 5 लाख रु तक दान करने वालों की संख्या 31 हजार 663 है। 5 लाख रुपये से लेकर 10 लाख तक दान करने वालों की संख्या 1,428 है। 10 लाख से लेकर 25 लाख रुपये तक दान करने वालों की संख्या 950 है। 25 लाख से लेकर 50 लाख रुपये दान करने वालों की संख्या 123 है। 50 लाख रुपये से लेकर एक करोड़ रु तक दान करने वालों की संख्या 127 है। एक करोड़ से अधिक का दान करने वालों की संख्या 74 है।

# नियमित करे योग रहे निरोग – विजेश श्रीवास्तव

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) 21 जून को आज विश्व योग दिवस पर कायस्थ सेवा समाज एवं प्रयास फॉउन्डेशन के द्वारा रानोपाली स्थित अध्यक्ष विजेश श्रीवास्तव के आवास पर योग शिविर का आयोजन किया गया।जिसका संचालन योग संत मणि शुक्ला जी द्वारा किया गया।जहाँ पर योग की विभिन्न मुद्राओं एवम आसनों के बारे में प्रशिक्षण दिया गया।इस अवसर पर संगठन के अध्यक्ष विजेश श्रीवास्तव ने कहा कि हमारी अनियमित जीवन शैली एवं खान पान से हमारा समाज बहुत सी गंभीर बीमारियों जैसे शुगर, बी पी, सर्वाइकल, अस्थमा आदि रोग से ग्रसित हो रहा है। नियमित योग के माध्यम से हम सब इन बीमारियों से दूर रह सकते हैं। हमारा संगठन आगे भी इस तरह



के योग शिविरों का आयोजन करता रहेगा जिससे जन जन तक हर घर तक योग पहुँच सके। इस अवसर पर डॉक्टर के सी सिंह ने बताया कि हम नियमित योग के माध्यम से 70 प्रतिशत गंभीर बीमारियों से बच सकते हैं।इस अवसर पर संगठन के 'प्रभारी सोमेश गुप्ता, संगठन के कार्यकारी अध्यक्ष अँकुर श्रीवास्तव, डॉ. के सी सिंह, हेमन्त शुक्ला, के सी श्रीवास्तव आदि कई गणमान्य जनों की उपस्थिति रही।

## हिंसक जानवर को पकड़ने में वन विभाग नाकाम,आज दो बकरियों को बनाया निवाला।

सोहावल अयोध्या। क्षेत्र में घूम घूम कर बकरियों को अपना शिकार बना रहे हिंसक जानवर को पकड़ने में वन विभाग पूरी तरह नाकाम हो गया है। बीती रात 2 गांव में दो बकरियों के शिकार करने के कारण ग्रामीणों में रोष व्याप्त हो गया है।ग्रामीणों में इसे वन विभाग से तुरन्त पकड़वाने की मांग की है। सुहावल क्षेत्र में हिंसक जानवर का कहर लगभग 1 महीने से चल रहा है यह हिंसक जानवर गांव–गांव घूम कर के बकरियों कुत्तों यहां तक की बच्चों पर भी हमला कर चुका है लेकिन वन विभाग के अधिकारी इसको पूरी तरह झूठा करार देने में लगे हैं। पिछले दिनों लखोरी कपासी, नेवादा ,नवीगंज, मीरपुर कांटा, साधु पुरवा, आदि गांवो में लगभग डेढ़ दर्जन बकरियों का शिकार कर चुका है। वन विभाग के अधिकारी इस को पकड़ने के लिए दो जगह पिंजड़ा लगा कर के अपना खानापूर्ति कर चुके हैं। यह हिंसक जानवर जहां भी अपना शिकार करता है वहां वन अधिकारी पहुंचकर केवल ग्रामीणों को रात में जाग कर अपने जानवरों की सुरक्षा करने की बात कह रहे हैं लेकिन वह अपनी जिम्मेदारी नहीं समझ पा रहे हैं कि 20 दिन से क्षेत्र में ही घूम रहा हिंसक जानवर भेड़िया है या तेंदुआ है अभी तक यह भी पता नहीं कर पाए हैं। अभी 1 दिन पहले सोहावल गांव में इसने दो कुत्तों को भी घायल कर लहूलुहान कर दिया था जिनकी बाद में मौत हो गई थी वहां इस हिंसक जानवर के पगचिह्न भी पाए गए थे लेकिन वन अधिकारियों ने पहुंचकर उसे तेंदुआ ना मानकर भेड़िया बताया। ग्रामीणों का कहना है कि यह हिंसक जानवर चाहे तेंदुआ हो या भेड़िया हो लेकिन इसकी पकड़ने की जिम्मेदारी किसकी है यह कोई बताने को तैयार नहीं है। बीती रात सुरवारी के मजरे बरई के पुरवा निवासी रामू के सहन पर बंधी बकरी को इसने अपना निवाला बनाया ,गांव वालों ने जब गुहार लगाई तो वहां से भागकर उसी के बगल पूर्व कैबिनेट मंत्री अवधेश प्रसाद के गांव लक्ष्मण तिवारी के पुरवा के रामकरण की बकरी को अपना निवाला बना डाला। बरई पुरवा निवासी रामू ने बताया कि हमारी बकरीघर के सामने बंधी थीआधी रात के आसपास आहट होने पर जब उठा तो देखा की एक बिल्ली के कलर का कुत्ते से बड़ा जानवर हमारी बकरी को नोंच रहा है जब हम लोगों ने दौड़ाया तो यह खेतों की तरफ भाग गया। उनका कहना है किए हिंसक जानवर तेंदुआ ही हैं इस बारे में जब डिप्टी रेंजर दुर्गा प्रसाद को सूचना दी गई तो उन्होंने बताया कि पिछले दिनों सोहावल गांव मिले पगचिह्न से जांच करने पर पता चला है कि यह तेंदुआ नहीं भेड़िया है।ये एक जगह नहीं रुकता है अगर यह सुरवारी गांव पहुंच गया है तो इसे मिल्कीपुर की तरफ निकल जाने की पूरी संभावना है वन अधिकारी अपना कर्तव्य न निभा कर इसको अपने रेंज से बाहर करने की फिराक में पूरी तरह लगे हैं, जो इनकी असफलता को पूरी तरह दर्शा रहा है।ग्रामीणों का कहना है कि अगर इसे जल्दी न पकड़ा गया तो हम लोग जिले के उच्च अधिकारियों से लेकर मुख्यमंत्री दरबार तक इसकी आवाज पहुचायेंगे।

# आम तोड़ने पर हुए विवाद में दो का चालान।

रूदौली–अयोध्या। मवई थाना क्षेत्र के ग्राम नया पुरवा मजरे लोहटी में आम तोड़ने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया।सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को पकड़ कर थाने भेज दिया।प्रभारी निरीक्षक मवई नीरज सिंह ने बताया कि ग्राम नया पुरवा में ग्राम समाज की जमीन पर एक आम का पेड़ लगा था।उस पेड़ से कुछ लोग आम तोड़ रहे थे पेड़ के करीब स्थित खेत मे कुंज बिहारी ने धान की नर्सरी कर रखी थी आम तोड़ने पर धान की नर्सरी में नुक्शान हो रहा था।जगन्नाथ पुत्र कुंज बिहारी ने जब आम तोड़ने पर मना किया तो प्रदीप कुमार पुत्र जिला प्रसाद जगन्नाथ से मारपीट करने लगे।इसकी सूचना जब पुलिस को हुई तो सैदपुर चौकी इंचार्ज प्रदीप कुमार यादव मौके पर पहुंच कर एक पक्ष के जगन्नाथ तथा दूसरे पक्ष के प्रदीप को पकड़ कर मवई थाने भेज दिया।प्रभारी निरीक्षक नीरज सिंह ने बताया कि दोनों को शांति भंग की आशंका में धारा 151 के तहत चालान कर दिया गया।

# राष्ट्रीय युवा संवाद में सम्मानित हुए आजाद,अभिषेक।

अयोध्या। राष्ट्रीय युवा पुरस्कार एवं राज्य युवा पुरस्कार संघ द्वारा लखनऊ में राष्ट्रीय युवा संवाद का आयोजन हुआ सरकार व शासन के जिम्मेदारों की उपस्थिति में युवा नीति पर चर्चा हुई, जिसमें युवाओं में नशा, मानसिक स्वास्थ्य, खेल व पर्यावरण महत्वपूर्ण रहा है। आगामी 12 अगस्त अंतराष्ट्रीय युवा दिवस पे होने वाले युवा संगम की रूप रेखा भी तय हुई।अयोध्या से इस संवाद में बेसहारा मानसिक रोगियों के लिए काम कर रहे राज्य युवा पुरस्कार विजेता आजाद पाण्डेय व अयोध्या में पर्यटन की जिजीविषा पर कार्य कर रहे अयोध्या डायरी के संस्थापक अभिषेक सावंत को सम्मानित किया गया। बातचीत में आजाद ने बताया कि ये कार्यक्रम उत्तर प्रदेश की युवानीति के नवनिर्माण में मील का पत्थर साबित होगा। उत्तर प्रदेश की युवानीति में अभी भी बहुत लूज पोल हैं जैसे अनपढ़ युवाओं के लिए युवानीति में कोई योजना नही है। इस तरह बहुत सारी खामियां हैं जिन्हें परिवर्तित कर देश का सर्वश्रेष्ठ युवानीति बनाने के लिए सभी युवा पुरस्कार विजेता सरकार से सामंजस्य बना रहे। अभिषेक सावंत ने कहते है कि ये मेरे लिए सौभाग्य रहा कि राष्ट्रीय मंच से युवाओं की बात करने का अवसर मिला,अयोध्या में पर्यटन को जिस तरह से विस्तार मिल रहा है उसी प्रकार युवाओं में सामाजिक जागरूकता की भी आवश्यकता है। अभिषेक ने पर्यटन में युवाओं के रोजगार स्वरोजगार के बढ़ते अवसरों की भूमिका का सुझाव रखा।भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रज बहादुर ने अयोध्या डायरी के डिजिटल रूप के किए जा रहे कार्य की सराहना भी की।

# अग्निपथ और राहुल से पूछताछ को लेकर कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन ।

केन्द्र सरकार द्वारा लायी गयी अग्निपथ योजना को लेकर जहाँ एक तरफ युवाओं में रोष हैं, वहीं दूसरी तरफ इसको लेकर राजनीतिक दलों ने भी युवाओं का समर्थन करना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने दिल्ली में जहाँ सत्याग्रह शुरू किया है, वहीं देशभर में कांग्रेसियों ने भी प्रदर्शन किया। जिले के विकासखंड अमानीगंज में ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष तेजबली पाण्डेय के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने अग्निपथ योजना और राहुल गांधी को ईडी द्वारा जानबूझकर परेशान किए जाने के विरोध में प्रदर्शन कर खंडविकास अधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। गौरतलब है कि राहुल गांधी से लगातार तीन दिनों तक ईडी पूछताछ कर चुकी है और आज चौथे दिन भी सम्मन भेजा है। जिससे कांग्रेसियों में भारी रोष है। इस मौके पर कांग्रेस के कार्यवाहक अध्यक्ष शिवपूजन पाण्डेय ने कहा कि राहुल गांधी लगातार जनहित के मुद्दे पर मोदी सरकार से सवाल पूंछ रहे हैं जिसकी वजह से तानाशाह सरकार उनकी आवाज को दबाने के लिए बेवजह ईडी का इस्तेमाल कर रही है, तो वहीं अग्निपथ योजना के विरोध में एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेश शुक्ल ने कहा कि सरकार को अग्निपथ योजना वापस लेना चाहिए, देश का युवा सेना में जाकर माँ भारती की सेवा करना चाहता है न कि भाजपा कार्यालय का चौकीदार बनना चाहता हैद्य युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष संजय तिवारी ने कहा अग्निपथ योजना युवाओं के साथ धोखा है भारतीय सेना के साथ विश्वासघात । इस अवसर पर अम्बरीष पाण्डेय, शैलेन्द्र पाण्डेय,विजय पाण्डेय, दिनेश शुक्ला,राहुल तिवारी,कृष्ण देव शर्मा,जग प्रसाद कोरी,जेबी सिंह, साधुराम मौर्या,असगर अली,लल्लन दूबे,विकास सिंह, महिपाल सिंह, महेश सिंह,सुभाष तिवारी, संदीप मिश्र , शैलेशपांडे,शिवचंद्र तिवारी,सहित दर्जनों कांग्रेसी उपस्थित रहे।

सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से मे0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक

श्रीमती हेमा त्रिपाठी

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।